दिनांक : जनवरी 30, 2025

**लोक सूचना पदाधिकारी**
सी0पी0पी0आर0आई0
सहारनपुर – 247 001

**विषयः– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के सेक्सन 7 (1) के अन्तर्गत प्रार्थी द्वारा वाँछित सूचना माँगी है।**

महोदय,

जिस कारण से प्रार्थी द्वारा निम्नलिखित सूचनाओं की माँग की जा रही है, कृपया इनकी प्रतिलिपि आर0टी0आई0 एक्ट 2005 के सेक्सन 7 (1) के तहत 48 घण्टे के अन्दर उपलब्ध कराने की कृपा करें। क्योंकि मेरे जीवन व मरण की स्थिति का सवाल है, प्रयागराज कैट रिट संख्या ओ0,ए0/1210/2024 याचिकाकर्ता मो0 इस्लाम द्वारा कैट प्रयागराज में मेरे द्वारा विभागीय प्रमोशन के आधार जो केस किया हुआ है, उस केस की तारीख 04.03.2025 है।

1– विज्ञापन संख्या 1/2024 दिनांक 20.02.2024 सेक्सन आफिसर के एक पद पर मेरे द्वारा आवेदन किया गया था, डा0 नितिन ऐण्डले (चैयरमेन) की अध्यक्षता में स्क्रिनिंग कमेटी द्वारा मेरे आवेदन को अयोग्य करार दिया गया उस नोट शीट की अनुमोदित प्रतिलिपि देने का कष्ट करें।

2– प्रार्थी मो0 इस्लाम पुत्र स्वर्गीय अता मोहम्मद ने संस्थान द्वारा सेक्सन अधिकारी विज्ञापन संख्या 1/2023 दिनांक 03 मई 2023 और विज्ञापन संख्या 1/2024 दिनांक 20.02.2024 सेक्सन आफिसर के पद पर आवेदन किया था, श्रीमति अनुराधा वी जनवाडे ने एक नोट बाई हैंड (प्रशासनिक अधिकारी) रहते हुए विभाग में स्क्रिनिंग कमेटी को लिखा गया था उसकी अनुमोदित बाई हैंड नोट शीट की प्रतिलिपि देने की कृपया करें, जो प्रति आपके द्वारा पत्रों मे नही दी गयी है।

3– उपरोक्त दोनों बिन्दुओं कि सभी सूचनाओं की प्रति प्रथक–प्रथक देने का कष्ट करें।

**धन्यवाद**